संख्या-3629/37-1-2013-05(129)/2010

प्रेषक,

योगेश कुमार
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।(द्वारा निदेशक पशुपालन)

पशुधन अनुभाग-।

लखनऊ दिनांक, 10 अक्टूबर 2013

विषयः प्रदेश के जनपदों में सोसायटी फार प्रिवेन्शन आफ क्रूएल्टी टू एनीमल्स (एस0पी0सी0ए0)की नियमित बैठक के सम्बन्ध में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 285/37-1-2013-05(129)/2010 दिनांक 30-01-2013 एवं 3330/37-1-2013-05(129)/2010 दिनांक 24-09-2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा अपने जनपदों में गठित एस0पी0सी0ए0 को तत्काल सक्रिय करते हुये प्रत्येक माह में कम से कम एक बार अवश्य ही बैठक आहूत करने एवं कृत कार्यवाही से निदेशक पशुपालन के माध्यम से शासन को अवगत कराने का उल्लेख किया गया है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने से सम्बन्धित जनपदों में गठित एस0पी0सी0ए0 की बैठको की सूचना/कार्यवृत्त निदेशक, पशुपालन विभाग के माध्यम से शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

( योगेश कुमार )
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निदेशक पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ को इस निदेश के साथ प्रेषित कि जनपदो में गठित एस0पी0सी0ए0 की बैठकों की कार्यवाही की सूचना समेकित रूप में एकत्र कर शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

2- समस्त मुख्य पशु चिकित्सा द्वारा निदेशक पशुपालन।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)
अनु सचिव

निर्गमनार्थ प्राप्त

अनुभाग अधिकारी
पशुधन अनुभाग-1
उ0 प्र0 शासन